# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर।
kabirnagar@gmail.comedsant -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,


पत्रांक 825 / W-05 / 117 दिनांक 07/09/2026

**सेवा में,**

प्रबन्ध निदेशक महोदय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय:-** अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 05.08.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

**महोदय,**



उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि दिनांक 05.08.2026 अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"अधूरी पड़ी पानी की टंकी, बढ़ा स्वच्छ पेयजल का इंतजार"*** के क्रम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वि0ख0- हैंसर बाजार में **दुघरा उर्फ खैरा पेयजल योजना** पर ओवरहेड टैंक का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है, पम्प हाउस का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है, बाउण्ड्रीवाल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है , पाइपलाइन का कार्य 9466 मी० के सापेक्ष 9158 मी० पूर्ण है एवं गृह संयोजन का कार्य 209 नग के सापेक्ष 177 नग पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में अवशेष कार्य कराया जा रहा है ।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०स० एवं दिनांक तदैव-**

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

अधिशासी अभियन्ता

अमर उजाला
दिनांक :- 05/08/2026

# Sant Kabir Nagar News: अधूरी पड़ी पानी की टंकी, बढ़ा स्वच्छ पेयजल का इंतजार

गोरखपुर ब्यूरो

Updated Wed, 05 Aug 2026 03:00 AM IST




लोहरैया। विकासखंड हैंसर के दुघरा उर्फ खैरा गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। गांव में पाइपलाइन बिछाने के साथ जगह-जगह टोटियां भी लगा दी गई हैं, लेकिन अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जल जीवन मिशन के तहत गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो वर्ष पूर्व टंकी निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कार्य की गति बेहद धीमी रही। कई महीनों से निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है और अब तक पूरा नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप गांव के लोग आज भी स्वच्छ पेयजल की सुविधा से वंचित हैं।

विज्ञापन

ग्रामीण मुन्नीलाल, बहादुर, चंद्रप्रकाश, राजेश आदि लोगों ने बताया कि पाइपलाइन और टोटियां लगने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही घरों तक पानी पहुंचने लगेगा, लेकिन टंकी अधूरी होने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को आज भी हैंडपंप और अन्य पारंपरिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

विज्ञापन

ग्रामीणों ने मांग की है कि जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए और गांव में नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति शुरू की जाए, ताकि लोग शुद्ध जल का उपयोग कर स्वस्थ जीवन जी सके।